राज
कॉमिक्स विशेषांक
मूल्य 30.00 संख्या 2320
तीन सिक्के
World Terrorism
1 EURO
2 EURO
EURO CENT
50
आतंकहर्ता नागराज
राज कॉमिक्स विशेषांक
तीन सिक्के

विश्वरक्षक नागराज के उपलब्ध कॉमिक

नागराज के 15/- मूल्य वाले कॉमिक

- नागराज
- नागराज की कब्र
- नागराज का बदला
- नागराज की हांगकांग यात्रा
- नागराज और शांगो
- खूनी खोज
- खूनी यात्रा
- नागराज का इंसाफ
- खूनी जंग
- प्रलयंकारी नागराज
- खूनी कबीला
- कोबरा घाटी
- बच्चों के दुश्मन
- प्रलयंकारी मणि
- शंकर शहंशाह
- नागराज का दुश्मन
- इच्छाधारी नागराज
- नागराज और कालदूत
- नागराज और जादूगर शाकूरा
- नागराज और बौना शैतान
- नागराज और ताजमहल की चोरी
- नागराज और लाल मौत
- नागराज और काबुकी का खजाना
- नागराज और थोडांगा
- नागराज और तूफान-जू
- नागराज और जादू का शहंशाह
- नागराज और अजगर का तूफान
- बकोरा का जादू
- पिरामिडों की रानी
- नागराज और मिस्टर 420
- थोडांगा की मौत
- नागराज और बेमबेम बिगेलो

नागराज के 30/- मूल्य वाले कॉमिक विशेषांक

- नागराज और सुपर कमांडो ध्रुव
- नागराज और बुगाकू
- फिर आया नागदंत
- विजेता नागराज
- विसर्पी की शादी
- शाकूरा का चक्रव्यूह
- नागपाशा
- खजाना
- स्नेक पार्क
- केंचुली
- प्रलय
- रक्षक नागराज
- जहरीले
- बांबी
- सपेरा
- फन
- विष-अमृत
- सम्मोहन
- नागराज और ड्रैकुला
- नागद्वीप
- त्रिफना
- महायुद्ध
- अग्रज
- नागराज का कहर
- तांडव
- दुश्मन नागराज
- शक्तिहीन नागराज
- कुंडली
- ऐलान-ए-जंग
- काली मौत
- सो जा नागराज
- शेषनाग
- भानूमति का पिटारा
- हरी मौत
- जहरीला बारूद
- माम्बर
- न्यूमेरो ऊनो
- ऑप्रेशन सर्जरी
- मिशन क्रिटिकल

नागराज के 20/- मूल्य वाले कॉमिक विशेषांक

- नागराज और नगीना का जाल
- नागराज और नगीना
- नागराज और मिस किलर
- नागराज और तूतेनतू
- नागराज और अदृश्य हत्यारा
- नागराज और कांजा
- नागराज और पापराज
- नागराज का अंत
- जहर
- क्राइमकिंग
- विषकन्या
- इच्छाधारी
- नागिन
- राज का राज
- मृत्युदंड
- आतंक
- नहीं बचेगा नागराज
- कालचक्र
- नागराज अमेरिका में
- आतंकवादी नागराज
- विषहीन नागराज
- इच्छाधारी चोर
- लावा
- विनाशलीला
- पागल नागराज
- मसीहा

नागराज के 40/- मूल्य वाले कॉमिक विशेषांक

- राजनगर की तबाही
- कोहराम
- कयामत
- जलजला
- विध्वंस
- संग्राम
- परकाले
- संहार
- ड्रैकुला का अंत
- कोलाहल
- खलनायक
- सम्राट
- विनाश
- तानाशाह
- सूरमा
- कलियुग
- सौडांगी
- सर्वशक्तिमान
- चक्र
- मैड्यूसा
- छोटा नागराज
- शेषनाग
- नागाधीश
- वर्तमान
- फ्लेमिना
- फुंकार
- वरण काण्ड
- ग्रहण काण्ड
- हरण काण्ड
- शरण काण्ड

नागराज के 50/- मूल्य वाले कॉमिक विशेषांक

- दहन काण्ड

इसी सैट के कॉमिक

- ✪ तीन सिक्के (नागराज का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ डोगा हिन्दू है (डोगा का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ जो होगा देखा जाएगा (परमाणु का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ प्रेम बला (भेड़िया का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ सात अजूबे (भोकाल का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ धप्पा (थ्रिल हॉरर का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ▲ सत्य रत्न (बांकेलाल का विशेषांक) (मूल्य : 20/-)
- ▲ रद्दी की रानी (गमराज का विशेषांक) (मूल्य : 20/-)

आप 100/- रुपए मूल्य या इससे अधिक मूल्य की कॉमिकें डाक द्वारा अग्रिम भुगतान भेजकर मंगा सकते हैं। अग्रिम भुगतान निम्नलिखित दो तरीकों से भेजा जा सकता है।

1. निकटवर्ती पोस्ट ऑफिस से अपने आदेशित कॉमिकों के मूल्य का मनीआर्डर राजा पॉकेट बुक्स 330/1, बुराड़ी, दिल्ली-84 के नाम बनवाकर, मनीआर्डर फार्म के संदेश वाले स्थान पर आदेशित पुस्तकों के नाम व अपना पता साफ-साफ लिखकर भेजें।
2. किसी भी बैंक से राजा पॉकेट बुक्स के नाम Payable at Delhi का ड्राफ्ट बनवाकर पत्र के साथ भेजें, जिसमें आपकी आदेशित पुस्तकों के नाम व आपका पता साफ-साफ लिखा होना आवश्यक है।

आगामी सैट के कॉमिक

- ✪ जंग मौत तक (नागराज का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ अपना भाई डोगा (डोगा का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ अब क्या करेगा परमाणु (परमाणु का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ बाबा यागा (भोकाल का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ मेड इन इंडिया (इंस्पेक्टर स्टील का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ▲ पाताल भैरवी (बांकेलाल का विशेषांक) (मूल्य :20/-)

प्रकाशकः राज कामिक्स (राजा पॉकेट बुक्स की एक इकाई)
330/1 बुराड़ी, दिल्ली-110084
फोनः 27611410 email:bizdev@rajcomics.com

दिल्ली में वितरक :नागराज नावल्टीज, 112, फर्स्ट फ्लोर
दरीबा कलां, दिल्ली-110006. फोनः 23251109,
23251092, 65172310, 32500860

कितने जहरीलों के साथ,
कितना जहर लेकर निकला है!!!
आतंकवादियों!
इसके रास्ते में मत आना!!
ये है
आतंकहर्ता
नागराज
इस बार नागराज का निशाना है
इटली
संजय गुप्ता पेश करते हैं!
तीन
सिक्के
भाग-1
राज कॉमिक्स है मेरा जनून!
परिकल्पना : क्षितिश, विवेक मोहन
लेखक : संजय गुप्ता, तरुण कुमार वाही
पेंसिलिंग : ललित शर्मा
इंकिंग : जगदीश कुमार
डिजिटल कैलीग्राफी : अमित कठेरिया
इफेक्ट्स : जॉन पॉलोस, विश्वजया
सम्पादक : मनीष गुप्ता

स्पेन से इटली के सफर पर निकले नागराज को अचानक ब्रिटेन जाना पड़ गया था। मगर अब आखिर नागराज के कदम इटली के 'सी.आई.ए.-इंटरनेशनल-एयरपोर्ट' की ज़मीन को छू चुके थे।
CIA INTERNATIONAL
परदेसियों से ना SSS अंखियां मिलाना SSS परदेसियों को है SSS इक दिन जाना SSS
TAXI
ओ भापा जी। आप ग्रेट हो। आप को सिर्फ मेरी टैक्सी ही छोड़ेगी जी। कहां पर जाना है ?
अरेरेरे! छोड़ो सूटकेस!
!
ओ कैसे छोड़ूं जी?
मैंने आपको पहचान लिया है। आप विशुद्ध भारतीय हो जी और अपने वतन के लोगों को मैं दूर से ही सूंघ लेता हूं।
ओ जी अपने वतन की मिट्टी की खुशबू है ही ऐसी।
ओ भापा जी। आप डरो नहीं। मैं एकदम शरीफ किस्म का टैक्सी ड्राइवर हूं। मेरा नाम झप्पी सिंह है।
Chiquno
RESTAURENT DE

उसी समय इटली की राजधानी रोम में किसी खुफिया जगह पर-
मुबारक हो केपो-डी-टूटी केपी!
तुम्हें भी बहुत-बहुत मुबारक हो। केपो क्राई माइन!
और तुम सबको भी!
आपको भी केपो!
ये हमारे लिए अपार हर्ष का समय है।

ऐसे खुशी के अवसर बार-बार नहीं आते।
हम सब एक साथ केक काटेंगे।
इस खुशी को हम दो बार सेलिब्रेट करेंगे।
एक अब...!
एक तब। जब मरेगा नागराज।
लेट्स एन्जॉय द बिग अपॉर्चुनिटी!
नागराज इटली आ चुका है!!
चियर्स!
अपनी मौत के मुंह में! यहां हमने उसकी मौत बुक कर दी है।
खनाक
हम वर्ल्ड माफिया पॉवर बनने के अपने महान लक्ष्य के करीब ही थे कि वर्ल्ड टेरर के सफाए के मिशन पर निकले नागराज ने हमारे लक्ष्य में सेंध लगानी शुरू कर दी।
*** स्पेन में माम्बर ग्रुप का सफाया करके...
**** उसके बाद लंदन में ऑप्रेशन सर्जरी को तबाह करके।
* मैक्सिको में बिग बॉस को मार कर...
** वॉशिंगटन में बॉम्बर को मार कर...
* पढ़ें हरी मौत, **पढ़ें जहरीला बारूद, *** पढ़ें माम्बर व न्यूमेरो ऊनो, ****पढ़ें मिशन क्रिटिकल व ऑप्रेशन सर्जरी

Quirinal Palace
राष्ट्रपति भवन
ये ऑर्गेनाइज्ड क्रिमिनल और टेररिस्ट ग्रुप पूरी दुनिया में किसी ना किसी रूप में फैले हेरोईन ट्रैफिकिंग, पॉलिटिकल, मनी लॉंडरिंग, स्मगलिंग, रॉबरी, ब्लैक मेलिंग, किडनैपिंग...
...और आंतकवाद के धंधे से जुड़े अंडरवर्ल्ड के लोगों को एकजुट करके उनके जरिए वर्ल्ड पॉवर बनने का सपना देख रहे हैं नागराज।
इसी ग्रुप ने स्पेन में मारकोस के हाथों मुझ पर हमला करवाया था।*
मैंने तुम्हें यहां इसलिए बुलाया है ताकि तुम इनका सपना चकनाचूर कर दो। ये लैपटॉप 'इटैलियन माफिया स्ट्रक्चर' की सारी जानकारी तुम्हें दे देगा।
इसे देख और पढ़ कर तुम इटली के माफिया सरगनाओं, उनके संगठनों और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जान जाओगे!
* जानने के लिए पढ़ें मम्बर और न्यूमेरो ऊनो।

पार्टी जोरों पर थी।
नागराज यहां हमारी तलाश में इटली आया है और हम उसके लिए यहां शतरंज की बाजी बिछाकर बैठे हैं।
ऐसी शतरंज जिसमें दुश्मन की चाल भी आपके हाथों में है केपो।
केपोडेसीना! क्या पेंट कर रहे हो?
नागराज की मौत। हाहाहा।
वाह! ये पेंटिंग तो अच्छी है।
तो मैं पहली चाल चलता हूं। इस खेल को शुरू करता हूं। अपने प्यादे को आगे बढ़ाकर। क्योंकि प्यादों को आगे बढ़ाए बिना कोई भी चाल चलना संभव नहीं।

तो भापा जी मैं टैक्सी आगे बढ़ाता हूं। क्योंकि टैक्सी आगे बढ़ाए बिना मैं आपको आपके होटल नहीं पहुंचा सकता।
वैसे भापा जी, कौन से होटल में बुकिंग है आपकी?
ओ बुकिंग ना भी हो तो झप्पी के होते चिंता की कोई बात नहीं है जी।
झप्पी आपको एक सितारा से सात सितारा तक के होटल में पहुंचा देगा।
आप बस जी हुक्म करो।
ग्रैण्ड हयात!
ओ अभी लो जी। अभी पहुंचा देता हूं। ग्रैण्ड हयात।
Jack DVD
IT DC-1982

जब तक आप ये पेपर पढ़ो जी।
ओ इसमें पढ़ो भापा जी कि कैसे भारत का नाम सारी दुनिया में रौशन कर रहा है हमारा नागराज!
ओ जी आतंकवादियों के छक्के छुड़ा रखे हैं नागराज ने।
!
भापा जी सुना है उसके शरीर में सांप रहते हैं। ओ पता है कितने? ओ एक नहीं जी। लोजी मैं भी कितना पागल हूं। मैंने बताया ही कब। ओजी हजारों। लाखों। ओजी ग्रेट है हमारा नागराज।
नागराज इटली आया तो मैं तो उसे एयरपोर्ट से ही सूंघ लूंगा जी। नागराज मेरी टैक्सी के अलावा किसी और की टैक्सी में बैठ ही नहीं सकता।
!
मगर भापा जी फिलहाल तो मेरा दिल बैठ रहा है।
?
भापा जी! आपका बीमा तो हो रखा है ना जी। मैंने तो टैक्सी ड्राइवर बनते ही अपना दस लाख का बीमा करवा लिया था।
भापा जी। आप कौन से भगवान को मानते हो? भगवान जी भगवान। भगवान नहीं समझते? ओ जी गॉड। उसको याद करो। हमारी टैक्सी के ब्रेक फेल हो गए हैं जी। ओ जी ब्रेक कसवाए तो थे। ब्रेक ऑयल भी चेक कर लिया था। पता नहीं जी कैसे फेल हो गए ब्रेक। ओ रब्बा जी। हुण आप्पां दा की होऊगा?
चिंयययय

ओ भापा जी टैक्सी का दरवाजा खोलकर कूद जाओ। सामने रेड-लाइट पर ट्रैफिक रुका हुआ है। अब इस गड्डी को कोई नहीं बचा सकता।
हिस्स
क्लिक!!!
ओ कमाल हो गया जी। ब्रेक लग गए!
ऐसा कमाल तो जिंदगी में पहले कभी नहीं हुआ।
ओ जी मेरी गड्डी के ब्रेक भी तो पहले कभी फेल नहीं हुए।
ओ जी सांप सांप।
हैं। सांप कहां गए? मैंने अभी गड्डी के पीछे सांप देखे थे।
झप्पी सिंह। गाड़ी चलाओ। सिग्नल ग्रीन हो चुका है। तुम्हारे दिमाग में नागराज घूम रहा है। तुम अभी सांपों की बातें कर रहे थे।
SONYA
9

आज की ताजा खबर। आज की ताजा खबर। नागराज इटली में। नागराज इटली में।
?
सुना! सुना! नागराज इटली में है।
मैं रिस्क नहीं ले सकता भापा जी। ब्रेक सचमुच फेल हैं। मेरी गड्डी को नागराज ने बचाया है। मैंने सांप देखे हैं।
मैं गड्डी चेक करता हूं भापा जी। आप बाहर आ जाओ जी। वैसे भी हमें जहां आना था हम आ चुके हैं।
?
ग्रैंड हयात होटल कहां है?
Ristorante Indiano
Free HOME
ओ भापा जी! ग्रैंड हयात में आपको एकदम शुद्ध शाकाहारी भारतीय खाना थोड़े ही मिलेगा।
पूरे इटली में लजीज भारतीय व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है यह रेस्तरां। ओ भापा जी। इटली आकर अगर किसी ने इस रेस्तरां में खाना नहीं खाया तो समझो कि उसका यहां आना बिल्कुल बेकार गया। ओ भापा जी। लोग तो यहां आकर ऐसा समझते हैं कि आधा भारत घूम लिया। पूछो जी कि मैंने पूरा क्यों नहीं बोला?
Ristorante Indiano
!

...क्योंकि बाकी आधा तो देश की मिट्टी छूकर ही घूमा जा सकता है।
पूरे इलाके में एक ही रेस्तरां है ये।
आप यहां खाना खाओ जी!
मैं तब तक ब्रेक ठीक करवा लूंगा! फिर ले चलूंगा आपको ग्रैण्ड हयात।
ठीक है। पर जल्दी।
प्लीज, योर ऑर्डर सर?
मुझे लगता है यहां किसी और का ऑर्डर चल रहा है।
?
क...क्या मतलब सर?
प्लेट टूटने की आवाज नहीं सुनी क्या?
छनाक
गोली बे-आवाज आई थी।

नांगराज की कलाई से भी सांप बेआवाज गया।
शयूं SSS हिस्स !!!
डसने वाले ने हल्की सी फुंकार की आवाज की थी।
हिस्स!!!
आह!!!
ऊपर से किसी ने गोली चलाई है।
तुम तो कह रहे थे कि इसने गोली चलाई है। ये तो खुद ही मरा पड़ा है।
इसके मुंह से झाग निकल रहे हैं।
ये कैसे मर गया?
ये देखो। इसे यहां सांप ने काटा है।
सांप जहरीला था!

रेस्तरां में सांप कहां से आ गया?
तुम्हें नहीं पता?
?
क्या?
कमाल है झप्पी सिंह। नागराज इटली में है। तो रेस्तरां में सांप कहां से आ गया?
यही तो भापा जी मैं भी जानना चाहता हूं।
और भापा जी, अब आप मुझे और बेवकूफ नहीं बना सकते हो।
नागराज इटली में है।
नागराज? कौन नागराज?
बड़े-बड़े दावे कर गया था ये झप्पी सिंह कि नागराज इटली आया तो उसे एयरपोर्ट से ही सूंघ लेगा झप्पी।
मेरी धरती का गौरव। मेरे देश के आकाश का ध्रुव। मेरी टैक्सी में मेरे साथ था और मैं जी उसको पहचान भी नहीं पाया।

तुम नागराज हो! मेरी टैक्सी को तुमने ही बचाया था नागराज। उसे पीछे से सांपों से बांधकर। ओ आप ग्रेट हो जी।
अरेरे!
नागराज। मेरी टैक्सी के ब्रेक फेल किए गए थे। उसके ब्रेक ऑयल का पाइप लूज था।
मुझे मालूम है। वहां रेस्तरां में जिस आदमी ने मुझ पर गोली चलाई थी उसी ने तुम्हारी टैक्सी के ब्रेक फेल किए थे। मुझे मारने के लिए!
मगर ये बात तुम्हें कैसे पता लगी?
उसकी जैकेट के पीछे की तरफ सड़क पर घिसटने और मिट्टी के निशान थे।
ऐसा तब हुआ होगा, जब तुम्हारी टैक्सी के ब्रेक फेल करने के लिए वो टैक्सी के नीचे घुसा होगा। वहां से वो लगातार हमारा पीछा कर रहा होगा।
दूसरा हमला उसने पहला विफल होने के बाद किया होगा।
अच्छे लोगों की रब्ब हमेशा मदद करता है नागराज।
और ये मेरा सौभाग्य है नागराज कि इटली में तुम मेरी टैक्सी में हो।

और जब तक तुम इटली में हो, मेरी टैक्सी तुम्हारी सेवा में हर वक्त हाजिर रहेगी।
और खुद झप्पी सिंह भी।
अरे झप्पी सिंह तुम मेरे साथ हर समय रहकर अपनी जान जोखिम में क्यों डालोगे।
देखा नहीं इटली में मेरा कैसा स्वागत हुआ है?
टैक्सी में भी तो हर समय जान हथेली पर लिए चलते हैं नागराज...। उहूं! मैं तो तुम्हें ...आपको वही कहूंगा... भापा जी!
और फिर भापा जी। मैं टैक्सी चलाता हूं। मेरा सामना हर तरह के लोगों से होता है। मैं आपको यहां के अपराध जगत की सारी गलियां आंख पर पट्टी बांधकर घुमा सकता हूं।
रूम नम्बर 2333 ट्वंटिइथ फ्लोर।
हमें प्रेजीडेंट हाउस से रूम नम्बर-2333 के कस्टमर की सिक्युरिटी के आदेश मिले हैं!!!
ओ भापा जी आपकी सिक्युरिटी?
नागराज ने झप्पी सिंह को चुप रहने का संकेत किया।

नागराज लिफ्ट में समा गया!
ओ भापा जी! आपको भी ऊपर जाने के लिए लिफ्ट की जरूरत पड़ती हैं? मैंने तो सुना है कि आप सांपों की रस्सी बना कर उससे ऊंची-ऊंची बिल्डिंगों पर चढ़ जाते हो।
मैं नहीं झप्पी सिंह। ऐसे करतब नागराज करता है।
लिफ्ट में कोई गड़बड़ हुई है। शायद उसका केबल टूट गया है।
ओ क्या जी? केबल कैसे टूट गया?
?
...लिफ्ट अट्ठारहवें फ्लोर पर है। और अब ये वापस ग्राउंड फ्लोर पर जा रही है। टूटे तारे की तरह।
ओ भापा जी। कुछ करो।
!
!
ओ आप दोनों कैसी सिक्युरिटी हो जी? नागराज खतरे में है। उसको बचाओ।
ब...बंद लिफ्ट में क्या करें? क...कुछ समझ में नहीं आ रहा।
ल...लिफ्ट कुछ ही सेकेण्ड में भू-तल से टकरा जाएगी और हम सब मारे जाएंगे।

कहानी 19 पेज से जारी

मानव या रोबोट...कौन है श्रेष्ठ?
ये बताएगा स्टील का सिपाही...जो है...
ChaubeyJi Ram
Govind Ram
मेड इन इंडिया
जापान के धुरंधर रोबोटिक वैज्ञानिकों ने किया हिंदुस्तान पर हमला...
राज कॉमिक्स में इंस्पेक्टर स्टील का स्टीली कॉमिक विशेषांक!

A UNIQUE GIFT TO **RAJ COMICS'** FANS

YOUR FAVORITE SUPERHEROES ON 13 COLOR PAGES OF A WONDERFUL CALENDAR

APRIL 2008–MARCH 2009
PRICE– **Rs. 60** Only

YOU CAN GET THIS CALENDAR FROM THE NEAREST BOOK STALL OR THROUGH A POSTAL MONEY ORDER OF **Rs. 100** (Rs. 60 + 40 AS COURIER CHARGES) ONLY TO

RAJA POCKET BOOKS, 330/1, BURARI, DELHI–110084.

YOU CAN ALSO ORDER THIS CALENDAR BY LOGGING ON OUR **WEBSITE :- www.rajcomics.com.**

SO DON'T WAIT, ORDER NOW

झप्पी सिंह ने नागराज की तरफ देखा-
सर्र्र्र!!!
ओ भापा जी एक्शन में आ गए।
सर्र्र्र!!!
नीचे बैठ जाओ! ये ध्वंसक सर्प है...
?
बूम म!!!
...फटेगा!
लिफ्ट तो अपनी पूरी ताकत के साथ भूतल से टकरा गई थी। मगर नागराज दोनों कमाण्डोज और झप्पी सिंह के साथ सर्प रस्सी पर झूल चुका था।
ओ भापा जी। आप ग्रेट हो।
कड़ड़ाक

ये भी दुश्मनों की चाल होगी। ये तीसरा हमला था भापा जी!
!

नागराज! मैं इस होटल का मैनेजर हूं। मैं इस हादसे से क्षुब्ध हूं। मैं इसकी जांच करवाऊंगा।
मुझे कोई ऐतराज नहीं है।

भापा जी। आपका रूम नम्बर 2333।
2333

मगर भापा जी। वो दोनों सिक्युरिटी वाले कहां चले गए?

वापस चले गए होंगे! बताओ। जो हजारों लाखों लोगों का गार्ड है, उसकी सिक्युरिटी के लिए गार्ड्स आए थे और नागराज को ही उनकी जान बचानी पड़ी।

भापे नागराज रुक जाओ। वो पैकेट मत छूना। उसमें बम ना हो।

!

नहीं झप्पी सिंह। ऐसा नहीं है। ये सांप देख रहे हो। ये बारूद को सूंघ सकता है। इस पैकेट में बारूद नहीं है।

ओह! आप ग्रेट हो जी।

नागराज ने वो पैकेट खोल डाला।

नागराज ने एक झटके से दरवाजा खोल डाला-

?

माफ करना नागराज! ये सब होटल का स्टाफ है। ये सब तुम्हारे लिये दूध लेकर आए हैं। ये सब तुम्हारे रूम की ड्यूटी लेना चाहते हैं। मगर सबको तो ड्यूटी दी नहीं जा सकती। नागराज माफी चाहता हूं तुम खुद किसी एक को चुन लो।

2333
अगर ऐसी बात है तो मैं किसी का दिल नहीं तोड़ना चाहता। जब तक मैं यहां हूं आपका स्टाफ नाम के अनुरुप अल्फाबेटिकली बारी-बारी से अपनी ड्यूटी करता रहे। जैसे सबसे पहले 'ए' नाम वाले।
जैसे मैं आंद्रे!

!
ये दूध मैं नागराज के लिए अंदर लेकर जाऊंगा।

आह! ये तो बहुत गर्म है जी। मुंह जला दिया।

झप्पी सिंह। तुम ज्यादा सयाने बनने की कोशिश मत करो।
तुमने ये दूध जानबूझ कर पहले पिया है। ताकि अगर दूध में कुछ गड़बड़ हो तो उसका असर तुम पर पहले हो।
ओह नहीं जी। मुझे तो गर्म दूध पीने की आदत है।

बाद में-
झप्पी सिंह। तुम्हारे जैसा आदमी अपने वतन की मिट्टी से दूर यहां विदेश में टैक्सी चला रहा है। ये बात कुछ हजम नहीं हुई।
ओ भापा जी। ये इश्क का मामला है। आया तो मैं था यहां इंजीनियर बनने पर एक अमीर बाप की लड़की से दिल लगा बैठा। उसे छोड़ो जी। मेरा दिमाग यूरो के उन सिक्कों में ही घूम रहा है।
गर्मागर्म दूध पीते ही दिमाग खुल गया!
ओ भापा जी। यहां इटली में एक टूरिस्ट स्पॉट है ट्रेवी फाउंटेन करके।
...ट्रेवी!
ओ आप चलो जी मेरे साथ!
तुम किसी ट्रेवी फाउंटेन के बारे में बता रहे थे?
हां नागराज भापे। ये जगह जहां पर स्थित है, उसे कहते हैं THE FOUNTAIN AT THE JUNCTION OF THE THREE ROADS. मतलब...
नागराज। मान्यता है कि ट्रेवी फाउंटेन के पवित्र सरोवर में यूरो का कॉइन डालने से मन्नत पूरी होती है।
सरोवर के नीचे बने एक्वाडक्ट से इस फाउंटेन में पानी आता है। ये नीचे से 22 किलोमीटर लम्बा है। कहते हैं पूरे रोम को यहीं से साफ पानी की सप्लाई होती है।
ये सचमुच अद्भुत मनोरम और विहंगम दृश्य प्रस्तुत कर रहा है।
मैं वर्ल्ड टूर पर जाना चाहती हूं।
मेरी गर्लफ्रेंड की नाराजगी दूर हो जाए।
मैं फिर से जवान होना चाहता हूं।
मुझे मेरी चौथी पत्नी से तलाक चाहिए।
POSITIVE SIGNS ET ANA
ICPTVLI ADALZ MEXANITIALIA

वो लोग मुझे यहां बुलाना चाहते होंगे। झप्पी सिंह। ये लो। एक कॉइन से तुम अपनी मन्नत मांग लो।
ठीक है नागराज
स्पाक!
क्या मांगा झप्पी सिंह?
तुम्हारी सफलता नागराज!
प्लॉम्प
ट्रेवी के नीचे किसी को प्रतीक्षा थी उन क्षणों की-
किसी ने वही केमिकल कलर कोटिड कॉइन ट्रेवी के जल में उछाला है बीट हैड। उसका केमिकल पानी में रंग छोड़ रहा है।
इसका मतलब नागराज ट्रेवी तक पहुंच गया है। अभी वो और दो सिक्के भी उछाल सकता है। काम शुरू करो।

नागराज ने अपना कॉइन ट्रेवी में उछाला।
खन्नन
नागराज! तुमने क्या मन्नत मांगी?
दुनिया का कोई भी आतंकवादी मुझसे छिपा ना रह सके।
...मेरी उपस्थिति का आभास कराएगा।
खन्नन
मगर इस आखिरी कॉइन का क्या करोगे?
ये आखिरी कॉइन...
...मुझे कॉइन भेजने वालों को...

वो देखो!!
ओफ्फ
पर ये बात तुम्हें कैसे पता चली?
हमारे फेंके कॉयन कोई रंग छोड़ रहे थे।
शायद उन पर कोई केमिकल लगा था।
फाउंटेन के शैतानों ने किया धमाका।
ओफ्फ!
बूम्म
रेलिंग टूटते ही कई पर्यटक चीखते हुए फाउंटेन के सरोवर में आ गिरे।
छपाक
हेल्प!
छपाक
इधर से हवा में सरसराई नागरस्सी।
सर्रर्र....
उधर से नागरस्सी पर हवा में सरसराया नागराज!
इनका निशाना मैं हूं। यहां ये लोग मुझ पर गोलियां चलाएंगे तो कई लोग इनकी गोलियों के शिकार हो जाएंगे।

नागराज कुछ ही सैकेंड्स में दूसरे किनारे पर जाकर उतरा।
और
अब मैं हवा में हूं। गोलियां भी हवा में ऊंची जाएंगी।
जिंग जिंग जिंग
जिंग जिंग जिंग
सांय
सांय
सांय
सांय
अब मैं तुम्हें गोलियां चलाने के अवसर नहीं दूंगा। लाओ हथियार।
अरे सांप मेरी गन छीन ले गया।
हमारे पास और गनें हैं।
मेरे पास और सांप हैं।
थड
थड

बचाओ गुलुप!
मेरा चश्मा पानी में गिर गया। मुझे कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा।
हेल्प!!
सांय
सांय
सांय
पानी में सांप हैं। बचाओ।
वो नागराज के सांप हैं। तुम्हें बचा रहे हैं। घबराओ नहीं।
अपना चश्मा वापस ले लो।
मेरा चश्मा पानी में से कौन लाया?
चश्मा लगा लो और खुद ही देख लो।
सांप! सांप!
तुम्हारा चश्मा यही लाया है। ये भी नागराज का सांप है। घबराना नहीं।

सांय
खच्चाक!!!
ओफ्फ
नागराज भापे!
एक झटके के साथ नागराज का शरीर फाउंटेन के अथाह जल की तरफ खिंच गया।
ओफ्फ!
आनन-फानन में वहां पहुंची सिक्युरिटी की गनें ट्रेवी फाउंटेन के जल की तरफ तन गईं।
नहीं। फायर मत करना। वहां नागराज भी है।
नागराज
वो निबट लेगा उन आंतकवादियों से।
मगर सुना है नागराज के खून में जहर है..।
...और वो घायल है। उसका खून पानी में घुल रहा है। सारे शहर को पीने के पानी की सप्लाई यहीं से होती है। वाटर सप्लाई बोर्ड को फौरन सप्लाई रोकने को कहो।

नागराज उनकी सांसें रोकने के लिए अपनी कमर कस चुका था।
आह
नागराज! तेरा जहर इस पानी में घुल रहा है। और ये पानी पीते ही ना जाने कितने लोग तुरंत मर जाएंगे।
थड़
थड़
कड़ाक
कड़
कितनों का तो मुझे पता नहीं। मगर फिलहाल तुम सारे जरूर इसी जहर से मरोगे।
हिस्स हिस्स

नागराज ने अपने सांपों से हमें जकड़ लिया है।
हिस्स!
पानी नागराज के जहर से जहरीला था।
गुलुप!!
वो हमें पानी में डुबोने ले जा रहा है।
मैंने सिक्युरिटी के मुंह से पानी की सप्लाई बंद करने की आवाज सुन ली थी। मुझे उम्मीद है कि इस जहरीले पानी की सप्लाई को अब तक रोक दिया गया होगा।
इधर अब इनकी सांसें रुकेंगी।
* आतंकवादियों के शरीर पानी होकर पानी में ही घुल गए।
ओह! ये पेरीस्कोप जैसा कुछ है जिसका इस्तेमाल पनडुब्बी से बाहर का दृश्य देखने के लिए करते हैं।
इसका मतलब गड़बड़ ट्रेवी फाउंटेन के तल के नीचे भी है।
* नागराज के जहर का असर!

पानी में सभी आतंकी इसी एक्वाडक्ट से आए होंगे।
पेरीस्कोप से जुड़ी ये वायर मुझे उस कंट्रोल रूम तक पहुंचा सकती है जहां से आतंकवादियों ने केमिकल कोटिड कॉइन से उतरते रंग को पेरीस्कोप की मदद से देखा होगा।
भून दो नागराज को।
भड़ाक!!
वो दीवार पर जा चिपका है।
जिंग जिंग जिंग
जिंग जिंग जिंग
धपाक
वो छत पर चला गया है।
जिंग
जिंग
जिंग
उंगली तब तक ट्रिगर से ना हटे जब तक नागराज की लाश नीचे ना टपक पड़े।
जिंग जिंग जिंग
हम्फ!
धड़!
...या फिर तुम्हारी गोलियां ना खत्म हो जाएं...।
...या फिर तुम्हारी सांसें ना रुक जाएं।
धड़!
आह!
उप्प!

मतलब अभी इनके बॉस तक पहुंचने का कोई सुराग नहीं है।
मैं जानता हूं ये 'फुट-सोल्जर्स' हैं जो अपने हेड यानी बॉस के लिए पूरी ईमानदारी से काम करते हैं। कोई भी टॉर्चर इनकी जुबान नहीं खुलवा सकता।
इसलिए मैंने इनकी जुबानें हमेशा के लिए बंद कर दीं।
क्योंकि ये कम्प्यूटर सिर्फ क्लोज सर्किट टी.वी. की तरह इस्तेमाल हो रहा था।
नागराज वापस ट्रेवी पहुंचा तो सरोवर जल से खाली हो चुका था।
ओह! सारे विषैले पानी को बहा दिया गया है।
ओ लो जी आ गया अपना नागराज सारे आतंकवादियों का बैंड बजाकर।
आतंकवादियों की लाशें कहां गईं?
उन्होंने नागराज का जहर चखा है। वो तो पानी में पॉल्यूशन की तरह घुल गई होंगी।
नागराज ट्रेवी फाउंटेन बाहर से आ गया।
हेऽऽ आतंकहर्ता आर यू इटैलियन?
नागराज! आर यू रशियन?
आई नो। नागराज इज चाइनीज।
ओ चाइनीज नूडल। अपना मुंह बंद रख।
...अपना नागराज विशुद्ध भारतीय है। ही इज ऐन इंडियन!

नागराज पूरी मानवता का है।
ओए बल्ले ओए मेरे भापा जी।
हेऽऽ
ओ वाऊ!
ट्रेवी फाउंटेन में फिर से पानी आ गया।
मैं दोबारा कॉइन उछालूंगा। मैं दोबारा मन्नत मांगूंगा।
नागराज की सलामती की!!
एक-एक मन्नत हम भी मांगेंगे। नागराज के लिए।
नागराज वापस लौट पड़ा।
नागराज! टैक्सी में जिन लोगों की फाइल तुम्हारे हाथ में थी। ये उन्हीं लोगों की हरकत थी ना?
तुम्हें कैसे पता झप्पी सिंह?
इतना दिमाग तो कोई भी लगा सकता है भापे?
अब नागराज के हाथ में आटे दाल और सब्जियों की मूल्य सूची तो होगी नहीं ना भापे।

तुमने ठीक कहा झप्पी सिंह। शायद इन लोगों को मेरे इटली आने का मकसद पता लग गया है।
और इसलिए अब वो लोग अपनी जानें बचाने के लिए आपको मार डालना चाहते हैं।
छोड़ो इन बातों को तुम मुझे इटली घुमाओ।
ओ वो तो जी मैं आपको दो घंटे में घुमा...
...देता। पर...ये टैक्सी फिर धोखा दे रही लगती है।
क्या फिर से कोई गड़बड़ हो गई?
घिच घिच
ओ लगता है जी कारबोरेटर में कचरा आ गया है।
आप यहां इटली में आतंकवाद नाम का कचरा साफ करने आए हो, मैं कम से कम कारबोरेटर का कचरा तो साफ कर ही लूं।

अरे झप्पी सिंह! तुम यहां? क्या हुआ? टैक्सी खराब हो गई? कितनी बार कहा है, बदल लो!
ओ सिल्वियानो मेम जी... आप?

परसों मैंने आपको कहां पर छोड़ा था।
उंह... डेंटल सर्जन के पास। मेरे दांत में दर्द था।

दांत निकलवा लिया। दर्द गायब!

ओ जी एक दांत में दर्द था तो फिर पूरा जबड़ा क्यों नहीं निकलवा लिया?

क्या मतलब झप्पी सिंह?

ओ सिल्वियानो मेम जी! आप बड़ी वकील हो तो इसका मतलब ये नहीं कि झप्पी सिंह के पास दिमाग नहीं है। ओ जी टायर पंक्चर हो तो पूरी गड्डी क्यों बदलवानी?

झप्पी सिंह। कितनी देर लगेगी?
देर तो भापा जी थोड़ी सी लगेगी।
एक मिनट। आपका काम हो गया।
सिल्वियानो मेम जी आपको ग्रैंड हयात छोड़ देंगी।
मैं? मैं तुम्हारी सवारी को क्यों छोड़ूंगी?
ओ सिल्वियानो मेम जी। मेरी सवारी का नाम पता चल गया तो इसको दूध भी पिलाओगी?
अच्छा? क्या नाम है तुम्हारी सवारी का?
नागराज झप्पी सिंह को परिचय ना देने का संकेत कर रहा था मगर झप्पी सिंह उसकी तरफ देखे तब ना।
ओ जी नागराज है ये।
यू मीन स्नेकमैन नागराज जो वर्ल्ड-टेरर खत्म करने निकला है?
ओ रियली?
नागराज।
क्या तुम नागराज हो?
!
नागराज। भापा जी। आप अभी इनके साथ चले जाओ। ये बहुत अच्छी वकील हैं नागराज भापे। इन्होंने मेरी टैक्सी पुलिस से छुड़ाई थी। पुलिस ने नो पार्किंग से उठा ली थी।
वो भी मेरी पत्नी की रिपोर्ट पर। मैं उसे 'स्पैनिश स्टेप्स' टूरिस्ट प्लेस घुमाने ले गया था। और भूल गया कि ओ गड्डी में बैठी है। मैं गड्डी लॉक करके उसको गड्डी में छोड़कर चला गया और सारी रात उसको ढूंढता रहा। फिर अगले दिन पुलिस से ही पता चला कि मेरी पत्नी गड्डी में ही छूट गई थी।
चलो!

नागराज भापे। चिंता मत करना। मैं होटल पहुंच जाऊंगा।
ये झप्पी सिंह कितना कम बोलता है ना!?

नागराज! मेरे पास अरीना के पास हैं। मैं तुम्हें वहां ले जाना चाहती हूं।

मुझे अभी यकीन नहीं हो रहा कि मेरे साथ नागराज बैठा है।

हे, स्कर्ट-टॉप!
हमारे साथ चल। पूरा इटली घुमा देंगे।
इस बैंड मास्टर के साथ कहां जा रही है?

इसको बीयर तो टेस्ट करा।
ओफ्फ!
स्वूऽऽश
मुंह खोल! मुंह खोल! हाहाहा।

नागराज! ये तो बदतमीजी कर रहे हैं और तुम चुपचाप बैठे हो।
इनको जवाब क्यों नहीं देते?
भाई साहब ये मेरे साथ डेट पर नहीं जा रहीं। मैंने इनकी कार में लिफ्ट ली हुई है।
ओफ्फ!

थपथप
हे, चल ना। चल कार रोक। हे हॉट चिली। क्या बकवास आदमी के साथ डेट पर जा रही है।
ओफ्फ!

शायद तुम इनसे डर रहे हो?
म...मुझे शक हो रहा है कि तुम नागराज हो?
नागराज ऐसा कमजोर और डरपोक इंसान नहीं हो सकता।
तुम्हारी तो बोलती बंद है।
अरे! अभी तो बोला था।
सिल्वियानो ने बड़ी तेजी से कार को आगे लाकर एक टर्न दिया।
अब मुझे ही कुछ करना होगा।
आओ। आओ हरामखोरों।
अरे! ये क्या कर रही है?
बचा। बचा। गाड़ी बचा।
टक्कर से बचने की कोशिश में जीप का संतुलन बिगड़ा और-
ओऽऽऽ
ओऽऽऽ
ओऽऽऽ
ओफ्फ!
धड़ाक
तुम्हारे जैसों के लिए इसे मैं अपनी कार में रखती हूं।
आह!!!

अरे! ये तो चण्डी का रूप है। भागो।
बीयर नहीं पिलाएगा? रुक।
बिफरी हुई थी सिल्वियानो-
नागराज! मैं तो तुम्हें अपने साथ अरीना ले जाना चाहती थी।
क्लोजियम में जहां 'ग्लैडियेटर फाइट' होती है।
मगर भूल कर रही थी। वो योद्धाओं और महा-योद्धाओं की लड़ाई है। तुम्हारे जैसे कायरों का वहां क्या काम?
प्लीज नागराज! लीव माई कार...।
...एंड लीव माई कंट्री ऑलसो!
!
?
कहानी जारी है-
जंग मौत तक में

प्यारे राज कॉमिक्स प्रेमियों,

जनून!

'राज कॉमिक्स जनून मेला' में शिरकत करने के लिए आप सभी का शुक्रगुजार हूं। हिन्दुस्तान के हर हिस्से से आप पूरे जनून के साथ **जनून मेले** में आए। राज कॉमिक्स के लिए आपके प्यार और आपके जनून ने बेशुमार हौसला अफजाई की। राज कॉमिक्स और आपके मेलजोल का एक और अवसर आ रहा है। 5 अक्टूबर 2008 को नागराज **वर्ल्ड टेररिज्म सीरीज** का पहला साल पूरा हो रहा है। 5 अक्टूबर को मनाया जाएगा **नागराज का जन्मदिन**। राज कॉमिक्स सप्रेम अपने सभी मित्रों को एक बार फिर सुपर हीरोज की जन्म स्थली **राज कॉमिक्स, बुराड़ी, दिल्ली** में आमंत्रित करती है। नागराज का जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाने के लिए सभी नागराज प्रेमी इस महाआयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए अवश्य पधारें। यह महाआयोजन **नागराज जन्मोत्सव *4 व 5 अक्टूबर*** को मनाया जाएगा। **इच्छुक राज कॉमिक्स प्रेमी फोन, पत्र-व्यवहार व ई-मेल द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन शीघ्र करवाएं।**

अब बात करता हूं कॉमिक्स की। एक लम्बे समय बाद आठ कॉमिक्स का सेट आया और सेट की हरेक कॉमिक को बेहद पसंद किया गया। **मिशन क्रिटिकल** के साथ नागराज की **लंदन सीरीज** समाप्त हुई। नागराज फैन्स को **वर्ल्ड टेररिज्म सीरीज** में नए किरदार, रिएलिस्टिक लोकेशन्स, अनूठी कहानियां व नए प्रयोग पसंद आ रहे हैं। **फास्ट फॉरवर्ड** में सुपर कमाण्डो ध्रुव ने अपनी कमाण्डो फोर्स के साथ किया एक अनूठे विलेन से मुकाबला। **वफादार** में डोगा के आर्टवर्क से फैन्स को शिकायत रही। कहानी पसंद की गई। डोगा ने पल-पल गुमराह करने वाले जाल को काटकर वफा को इंसाफ दिलाया। **अब क्या होगा** परमाणु की **परमात्मा सीरीज** की प्रथम कॉमिक को भरपूर सराहना मिली। एक लम्बे समय बाद परमाणु का पुनः पदार्पण सुहावना रहा। **परी रक्षक भोकाल** की प्रथम कॉमिक में भोकाल के फैन्स को नए रंग-रूप व नई शक्तियों वाला भोकाल, नए युग में, भिन्न माहौल में पसंद आया। **लुक छुप जाना** ने **थ्रिल हॉरर सस्पेंस सीरीज** में अपने झण्डे गाड़ दिए।

अब प्रस्तुत व आगामी सेट की कॉमिक्स की बात करें। **तीन सिक्के**-नागराज ने इटली में प्रवेश किया और इटली के ताकतवर माफिया संगठन से टकरा गया। एक से बढ़कर एक खूंखार खलनायक, नागराज से टकराने वाले हैं। **इटली सीरीज** में आप देखेंगे जबरदस्त एक्शन। अभी नागराज ट्रेवी फाउंटेन में फंसाया गया। आगामी कॉमिक **जंग मौत तक** में उसे लड़नी होगी एक खतरनाक ग्लैडिएटर फाइट राम के क्लोजियम में। उसके बाद आएंगे अंडरग्राउंड कब्रगाहें केटाकॉम्ब और पीसा की मिनार भी। अनोखे खलनायकों के साथ ही इस सीरीज में नागराज की मुलाकात होगी इटली में कई दोस्तों से भी, जिन्हें आप कभी भूल नहीं पाएंगे। साथ ही होंगी कुछ अनोखी घटनाएं भी जिनके बारे में अगले ग्रीन पेज में बताऊंगा।

डोगा हिन्दू है- इस सीरीज की शुरूआत हुई थी स्वैच्छिक रक्तदान के आइडिए से। रक्त का हमारे शरीर में कितना महत्त्व है हम सभी जानते हैं। किन्तु रक्त का यह महत्त्व तब कहीं अधिक बढ़ जाता है जब किसी की जान बचाने के लिए रक्त की जरूरत होती है। ब्लड बैंक में उपलब्ध हो तो सही है यदि उपलब्ध नहीं हो तो जान-पहचान वालों या रिश्तेदारों से रक्तदान की

गुहार लगानी पड़ती है। मिल जाए तो ठीक ना मिले तो मौत। मृतक से जुड़े कितने रिश्ते उन पलों में सिसकते हैं उसकी जिंदगी के लिए। डेढ़ सौ करोड़ की आबादी वाले हिन्दुस्तान में जरा सी जागरुकता जरूरतमंदों के लिए वो अमृत इकट्ठा कर सकती है जो जिंदगी दे सकता है। भगवान के बाद हर इंसान के पास दूसरे इंसान को जिंदगी देने का अगर कोई तरीका है तो वो है रक्तदान।

डोगा पर हमेशा से आरोप लगता रहा है कि वो खून बहाता है। **डोगा हिन्दू है** की शुरुआत ही डोगा को जिंदगी में रक्त की जरूरत का महत्त्व समझाती है। सूरज के यानी एक आम आदमी के रूप में उसने जाना कि जब जरूरत हो तो वो रक्त नहीं मिल सकता जिसे वो डोगा के रूप में निर्ममता से बहा देता है। उसने ब्लड बैंकों की धांधलेबाजी को बेनकाब करने की ठानी लेकिन यह खून का खेल है। खून में ही नहला दिया जाएगा डोगा। प्रस्तुत सीरीज में आप स्वैच्छिक रक्तदान पर पढ़ेंगे साथ ही जातिवाद की भीषण अग्नि में फंस गए डोगा की कसमसाहट देखेंगे। आम या खास गुण्डे बदमाशों के सीने में धुंआ भर देने वाला डोगा कैसे उस भीड़ से टकराया जहां सभी उसके अपने हैं।

जो होगा देखा जाएगा- परमात्मा सीरीज की इस कॉमिक में आपने देखा कि किस बुरी तरह से परमाणु फंसता जा रहा है शीना और क्षिप्रा के जाल में। सर्वज्ञाता स्वामी त्रिकाली जी महाराज के जरिए खुद परमात्मा ने परमाणु के क्राइम फाइटिंग करने में जान का खतरा बता दिया है। क्या है यह रहस्य? क्या अब परमाणु दिल्ली के आकाश पर नहीं दिखेगा। जानने के लिए जरूर पढ़ें **अब क्या करेगा परमाणु**।

प्रेमबला-किन्हीं कारणोंवश समय पर तैयार नहीं हो सकी। आगामी सेट में अवश्य प्रकाशित होगी। इस कॉमिक में कोबी, भेड़िया व जेन की जिंदगी में प्रवेश कर रही है... सुकन्या... नहीं... पराक्षी- शहर की एक रिसर्चर जो कि जंगली कबीलों पर शोध करने आई है लेकिन पूरे जंगल पर एक बला बनकर टूट पड़ती है।

सात अजूबे- भोकाल के सात मामा और क्या-क्या हंगामे करेंगे। आगामी कॉमिक **बाबा यागा** में कैसे मनाएंगे ये भोकाल का जन्मदिन? कैसे लेगी बाबा यागा भोकाल और परियों से अपनी हार का बदला?

धप्पा- मुझे संदेह है कि यह हॉरर कॉमिक इस सेट में प्रकाशित हो पाएगी! इसलिए इस कॉमिक के बारे में आगामी सेट में बात करेंगे। हां, **धप्पा** के पश्चात् तैयार हो रही है **आत्मा निवास**। एक ढाबे के पास लोगों के पीछे पड़ जाते हैं भूत। भयंकर भूत देते हैं भयंकर मौत। भूत किस प्रकार लोगों के पीछे पड़ जाते हैं यह एक पहेली हैं जिसे बुझाने के लिए मिस कॉफी ऐड़ी-चोटी का जोर लगा देती है। किंतु क्या वह पहेली बूझ पाती है? **आत्मा निवास** भी आपका भरपूर मनोरंजन करेगी।

अब बात करते हैं **नागायण सीरीज-रण काण्ड** की जिसे जून में ही प्रकाशित होना था। अब जुलाई अंत तक प्रकाशित हो पाएगी। देरी के कारण **राज कॉमिक्स** फैन्स को हो रही असुविधा के लिए मैं क्षमा चाहता हूं। मेरी पूरी कोशिश है कि यह सीरीज आप तक समय पर पहुंचे किंतु हर बार कुछ ना कुछ अनहोनी इसे देर कर देती है।

जल्दी ही **राज कॉमिक्स** प्रेमियों के लिए आ रहा है दैत्य पुत्र योद्धा। जी हां कहानियां तैयार हैं और प्रथम आर्टवर्क भी बनना शुरू हो चुका है। पहली कॉमिक **आरम्भ** जल्दी ही प्रस्तुत की जाएगी। अब **राज कॉमिक्स** टीम जुटी है महाबली भोकाल के ओरिजिन में। आपका चहेता विकास नगर का रक्षक भोकाल जन्म लेने वाला है। श्री तरुण कुमार वाही ने अपनी जादुई लेखनी से पहली दो कॉमिक्स लिख दी हैं। इस सीरीज में आप पढ़ेंगे कि कैसे हुआ परियों का जन्म? कैसे हुआ परीलोक का सृजन? कैसे जन्मी भोकाल शक्ति? कैसे पैदा हुए महागुरु भोकाल और कैसे आलोप बना भोकाल? जितना आज तक आप पढ़ चुके हैं उससे कहीं गहरी जानकारी यह सीरीज आपको देगी। इससे पश्चात् शुरू होंगे कोबी के ओरीजिन, शक्ति के ओरीजिन व अश्वराज के ओरीजिन।

अब आपसे मिलूंगा आगामी ग्रीन पेज पर।

जनून!

अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें : **ग्रीन पेज नं. 275, राजा पॉकेट बुक्स, 330/1, बुराड़ी, दिल्ली-84**

Forum पर अपनी पोस्ट आप ***www.rajcomics.com*** पर करें।

धन्यवाद

आपका—संजय गुप्ता

GREEN PAGE NO. 275

अपना भाई डोगा
PART-2
हिंदुओं ने किया ये सनसनीखेज राज फाश!
क्या अब मुम्बई की आग में हिंदुओं का साथ देगा डोगा?
राज कॉमिक्स में डोगा का एक्शन से भरपूर विशेषांक!

आज परियों के रक्षक का शिकार करेगी...
बाबा यागा
परी रक्षक
भोकाल
राज कॉमिक्स में पढ़िए परीरक्षक भोकाल का अद्भुत व रोमांचक कॉमिक विशेषांक

परमाणु दिख रहा है आखिरी बार...
क्योंकि...

शीना, क्षिप्रा और सारी दिल्ली ही रोक रही है परमाणु को परमाणु बनने से!

मैं इसका वंशज हूं साइंसटर और मैंने वंश की अपराध विनाशक परंपरा को कायम रखा है। लेकिन आज के दिन भी लोग इसी ध्रुव की कहानियां पढ़ते हैं और इसी के गुण गाते हैं।
जबकि मेरी तकनीकी क्षमता के सामने तो यह ध्रुव पाषाण युग का आदिमानव है!
DAY 24 AUGUST, 5062 : 02.
तो मैं तुमको भेजता हूं सन् 2008 के भूतकाल में।
जाओ और दिखा दो कि रियल हीरो ये ध्रुव नहीं, बल्कि ब्रह्मांड का ऑल टाइम ग्रेटेस्ट क्राइम फाइटर 'जीनो' है।
ध्रुविष्य
भविष्य का ध्रुव टकराएगा वर्तमान के ध्रुव से और दांव पर लगेगी इंसान की सबसे बड़ी पूंजी-इज्जत! पर क्या मामला इतना ही सीधा है जितना दिख रहा है...या पर्दे के पीछे कोई और कहानी चल रही है?
ये बताएगा राज कॉमिक्स का यह 'आल टाइम ग्रेट' कॉमिक विशेषांक!

आतंकहर्ता
नागराज
World Terrorism
जंग मौत तक
ADVENTURE CONTINUED IN ITALY

नागायण
रण काण्ड
षष्ठमखण्ड
सज चुकी है बिसात, चली जा चुकी हैं चालें और छा चुका है महाविनाश का अंतहीन अंधेरा!